श्रमजीवी एक्सप्रेस के समय में परिवर्तन

2872. श्री गया सिंह : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नई दिल्ली, और पटना के बीच चलने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस के आगमन और प्रस्थान के समय में परिवर्तन किए गए हैं, नई दिल्ली से इसके प्रस्थान करने के समय को 13.20 से बदलकर 1.20 कर दिया गया है और पटना से भी इसके समय को 11.20 से बदलकर 15.20 कर दिया गया है ;

(ख) क्या नई दिल्ली और पटना के बीच चलने वाली मगध एक्सप्रेस के आगमन तथा प्रस्थान के समय में कोई परिवर्तन किया जा सकता है, जिससे कि नई दिल्ली से इसके प्रस्थान करने के समय को 19.45 से बदलकर 17.30 किया जा सके और पटना से भी इसके प्रस्थान करने के समय को 19.30 से बदलकर 16.00 बजे किया जा सके ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो, इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) मगध एक्सप्रेस के प्रस्थान समय में परिवर्तन करना परिचालनिक अपेक्षाओं के कारण व्यावहारिक नहीं है ।

अमरकंटक एक्सप्रेस तथा मालवा एक्सप्रेस का विलम्ब से चलना

2873. श्री अजीत जोगी :
श्री चौधरी हरी सिंह :

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अमरकंटक-मालवा एक्सप्रेस पिछले तीन महीनों के दौरान अधिकांश दिनों में एक घण्टा या उससे अधिक समय की देरी से चली तथा यह गाड़ी कितने दिन और कितनी-कितनी देरी से चली ; और

(ख) यदि हां, तो क्या भविष्य में उक्त रेलगाड़ी का निर्धारित समय पर चलना सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए जाएंगे ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के. सी. लेंका) : (क) पिछले तीन महीनों अर्थात् दिसम्बर 1992 से फरवरी 1993 तक की अवधि के दौरान 8253/8254 अमरकंटक एक्सप्रेस 36 दिन भोपाल में और 48 दिन दुर्ग में एक घण्टा अथवा एक घण्टे से अधिक विलम्ब से पहुंची ।

इसी प्रकार, इसी अवधि के दौरान 4067/4068 मालवा एक्सप्रेस 15 दिन इन्दौर में तथा 22 दिन नई दिल्ली में एक घण्टा अथवा एक घण्टे से अधिक विलम्ब से पहुंची ।

(ख) इन दोनों गाड़ियों के समयपालन में सुधार लाने के लिए इनके चालान पर कड़ी नजर रखी जा रही है, गाड़ियों पर चौबीसों घण्टे समुचित रूप से निगरानी रखी जा रही है ।

Conversion of State Highways into National Highways in West Bengal

2874. SHRI ASHIS SEN: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleated to state:

(a) whether there is any plan under Government's consideration to convert some State Highways into National Highways specially in West Bengal;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reason therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.